हार के साथ ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई दिल्ली कैपिटल्स

# प्रभसिमरन के शानदार शतक से पंजाब किंग्स की 31 रनों से जीत

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**प्लेयर ऑफ द मैच प्रभसिमरन सिंह के शतकीय प्रहार से शनिवार रात खेले गए आईपीएल के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 31 रनों से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा है। वहीं दिल्ली की टीम अंतिम स्थान पर रहले के साथ प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।**

पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 167 रन बनाए थे। जीत के लिए दिल्ली को 168 रन बनाने थे। लेकिन दिल्ली की टीम 8 विकेट खोकर सिर्फ 136 रन ही बना सकी। हालांकि एक समय दिल्ली मैच में मजबूत स्थिति में थी। लेकिन कप्तान डेविड वॉर्नर के आउट होने के बाद तीन ताश के पत्तों की तरह ढह गई। दिल्ली की ओर से कप्तान डेविड वॉर्नर ने 27 गेंदों में 54 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस हार के साथ ही दिल्ली के लिए प्लेयर की उम्मीद भी खत्म होती दिख रही है। पंजाब की ओर से जबरदस्त गेंदबाजी हुई है। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने अपने लिए हरप्रीत बरार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 सफलता हासिल की। वही दो विकेट राहुल चहर को मिले। इससे पहले आईपीएल में पहला शतक जमाने वाले प्रभसिमरन के अलावा पंजाब के बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। पहले बल्लेबाजी



के लिये भेजी गई पंजाब की शुरूआत बहुत खराब रही और ईशांत शर्मा ने शुरूआती स्पैल में दो विकेट लेकर दबाव बना दिया। दूसरे ओवर में गेंदबाजी करने आये ईशांत का स्वागत हालांकि शिखर धवन ने छक्का लगाकर किया लेकिन अगली ही गेंद पर ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में रिली रोसोयू को कैच दे बैठे। लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे शिखर सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिये आये अक्षर पटेल को प्रभसिमरन ने दो चौके लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। ईशांत ने हालांकि अगले ही ओवर में पहली गेंद पर लियाम लिविंगस्टोन (चार) को बोल्ड कर दिया।

### स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्सः** प्रभसिमरन बो. मुकेश 103, धवन कै. रुसो बों इशांत 7, लिविंगस्टन बो. इशांत 4, जितेश बो. अक्षर 5, करन कै. अमन बो. प्रवीण 20, हरप्रीत कै. मार्श बो. कुलदीप 2, शाहरुख रन आउट 2, (नाबाद) 11, ऋषि (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 13, **कुल** (20 ओवर में) 7 विकेट पर 167 रन । **विकेट पतनः** 1-10, 2-32, 3-45, 4-117 , 5-129, 6-154 , 7-165 । **गेंदबाजीः** खलील 4-0-36-0, इशांत 3-0-27-2, अक्षर 4-0-27-1, प्रवीण 3-0-19-1, कुलदीप 4-0-32-1, मार्श 1-0-21-0, मुकेश 1-0-3-1।

**दिल्ली कैपिटल्सः** वॉर्नर पगबाधा हरप्रीत 54, सॉल्ट बो. हरप्रीत 21, मार्श पगबाधा चाहर 3, रुसो कै. रज़ा बो. हरप्रीत 5, अक्षर पगबाधा आर चाहर 1, मनीष बो. हरप्रीत 0, अमन कै. हरप्रीत बो. एलिस 16, प्रवीण बो. एलिस 16, कुलदीप (नाबाद) 10, मुकेश (नाबाद) 6,**अतिरिक्त** 4, कुल (20 ओवर में) 8 विकेट पर 136 रन । **विकेट पतनः** 1-69 , 2-74, 3-81 , 4-86, 5-86, 6-88 , 7-118, 8-123 । **गेंदबाज़ीः** ऋषि धवन 1-0-10-0, करन 2-0-18-0,हरप्रीत 4-0-30-4, एलिस 4-0-26-2,अर्शदीप 4-0-32-0, चाहर 4-0-16-2, रज़ा 1-0-3-0 ।

# मांकड-पूरन ने हैदराबाद से छीनी जीत लखनऊ ने टॉप 4 में बनाई जगह



**हैदराबाद ( एजेंसी )।** प्रेरक मांकड और निकोलस पूरन की आतिशि बल्लेबाजी के सहारे शनिवार को खेले गए पहले आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपरजाइंट्स में शानदार वापसी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने 182 रन बनाए थे। जीत के लिए लखनऊ को 183 रन बनाने थे। लखनऊ में 3 विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। लखनऊ की यह शानदार वापसी है। पिछले 3 मुकाबले लखनऊ के लिए अच्छे नहीं रहे हैं। इस जीत के साथ ही लखनऊ एक बार फिर से प्वाइंट्स टेबल में नंबर 4 पर पहुंच चुका है। लखनऊ के पास अब 12 मैचों में 13 अंक है। 183 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फॉर्म में चल रहे कायल मेयर्स सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, प्रेरक मांकड ने शानदार पारी खेलते हुए 45 गेंदों में 64 रन बनाए। वहीं, लखनऊ की ओर से मार्कस स्टोइनिस ने 25 गेंदों में 40 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। आखिरी के कुछ पलों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निकोलस पूरन ने 12 गेंदों में 40 रनों की पारी खेली जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल थे।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइज़र्स हैदराबादः** अनमोलप्रीत कै.एंड बो. मिश्रा 36, अभिषेक कै. डिकॉक बो. युद्धवीर 7, राहुल त्रिपाठी कै. डिकॉक बो. यश 20, मार्कराम स्टं. डिकॉक ड्ड क्रुणाल 28, क्लासेन कै. मांकड़ बो. आवेश 47, फ़िलिप्स बो क्रुणाल 0, समद (नाबाद) 37, भुवनेश्वर (नाबाद) 2, **अतिरिक्त** 5, **कुल** (20 ओवर में) 6 विकेट पर 182 रन । विकेट पतन- 1-19, 2-56, 3-82, 4-115, 5-115, 6-173 । **गेंदबाजीः** युद्धवीर 3-0-24-1, मेयर्स 1-0-11-0, क्रुणाल 4-0-24-2,आवेश 2-0-30-1,यश 4-0-28-1,मिश्रा 4-0-40-1, बिश्नोई 2-0-23-0 ।

**लखनऊ सुपर जायंट्सः** मेयर्स कै. मार्कराम बो. फ़िलिप्स 2, डिकॉक कै. अभिषेक बो. मार्कंडेय 29, मांकड़ (नाबाद) 64, स्टॉयनिस कै. समद बो. अभिषेक 40, पूरन (नाबाद) 44, **अतिरिक्त** 6, **कुल** (19.2 ओवर में ) 3 विकेट पर 185 रन । **विकेट पतनः** 1-12, 2-54, 3-127 । **गेंदबाजीः** भुवनेश्वर 4-0-30-0, फ़ारूक़ी 3.2-0-32-0, फ़िलिप्स 2-0-10-1, नटराजन 4-0-31-0, मार्कंडेय 3-0-39-1,अभिषेक 3-0-42-1।

# चेन्नई आज कोलकता पर जीत के साथ प्लेऑफ का टिकट पाने उतरेगी

चेन्नई (एजेंसी)।


**इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इस सीजन में अपने घरेलू मैदान चैपॉक स्टेडियम में अंतिम बार खेलने उतरेगी। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के रिटायरमेंट की खबरों के बीच चेन्नई सुपर किंग्स की टीम चेपॉक स्टेडियम में इस सीजन में उनके नेतृत्व में आखिरी बार खेलेगी।**



इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के साथ होना है। इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम जीत हासिल करना चाहेगी ताकि प्लेऑफ के लिए उसका टिकट पक्का हो सके। बता दें कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 12 मुकाबले खेल चुकी है जिसमें उसके कुल 15 पॉइंट्स है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए काफी मजबूत स्थिति में है। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम ने अपने पिछले दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की है जिससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। धोनी के दो छक्के ही चेपॉक स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के जश्न मनाने के लिए पर्याप्त होंगे जैसा कि उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में किया था जो कि आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुए थे। सीएसके की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं जबकि उसके बाद अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मोईन अली, रविंद्र जडेजा और अंबाती रायुडु जैसे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन सीएसके ने इस कमी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गेंदबाजी में श्रीलंका के मथीशा पथिराना टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। तुषार देशपांडे भले ही महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट लेने में कोताही नहीं बरती है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्षणा अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। बता दें कि नितीश राणा के नेतृत्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के केवल 10 अंक हैं और उसे अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के अलावा बाकी टीमों के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने की प्रार्थना करनी होगी। कोलकाता के लिए चेन्नई की टीम को अपने घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। इस मैच में केकेआर की संभावना उसके स्पिनरों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा रविवार को कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर मैच का परिणाम निर्भर कर सकता है। अनुभवी सुनील नारायण इस सत्र में अभी तक नाकाम रहे हैं और वह यहां वापसी करने की कोशिश करेंगे। बल्लेबाजी में कप्तान नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन केकेआर को अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी। केकेआर के बल्लेबाजों को हालांकि पथिराना के यॉर्कर और धीमी गेंदों तथा जडेजा की चतुराई भरी गेंदबाजी से सतर्क रहना होगा।

## बैंगलोर और राजस्थान में आज होगा रोमांचक मुकाबला





**जयपुर ( एजेंसी )।** हार की हैट्रिक से बचने की कवायद में लगी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक रनों का अंबार लगाने वाले युवा यशस्वी जायसवाल और अनुभवी फाफ डु प्लेसिस के बीच भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। जायसवाल और डु प्लेसिस दोनों इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। डु प्लेसिस अभी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे आगे हैं। उन्होंने 11 पारियों में 576 रन बनाए हैं जिसमें छह अर्धशतक शामिल हैं। दूसरी तरफ जायसवाल उनसे केवल एक रन पीछे हैं। इस युवा बल्लेबाज ने 12 पारियों में 575 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक और एक शतक शामिल है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में इन दोनों में से कौन बेहतर प्रदर्शन करता है और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलने वाली 'ऑरेंज कैप' हासिल करता है। यह मुकाबला सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। यह पिच बल्लेबाजों के अनुकूल है और दूसरी पारी में अगर ओस पड़ती है तो गेंदबाजों के लिए और भी मुश्किल होने वाली है। मौसम क्रिकेट के लिहाज से ठीक रहेगा।

## एशिया कप को लेकर पीसीबी चीफ ने पेश कर दिया नया वेन्यू ऑप्शन

**लाहौर ( एजेंसी )।** पाकिस्तान में एशिया कप के आयोजन को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी बार बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को धमकी देते दिख रहे है। एशिया कप के वेन्यू को लेकर लगातार मामला गर्माता जा रहा है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने नई धमकी दे दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने एक बार फिर से कहा कि भारतीय टीम को एशिया कप खेलने पाकिस्तान आना होगा। सेठी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तानी टीम भारत में वनडे विश्व कप खेलने तभी जायेगी जब भारतीय टीम आगामी एशिया कप और 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने सरहद पार जायेगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हाल ही में 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज कर दिया। सेठी का मानना है कि भारत और पाकिस्तान जब तक एक दूसरे के देश में खेलना शुरू नहीं करते , यही एक विकल्प नजर आ रहा है। सेठी के विशेष साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि एशिया कप की क्या स्थिति है और आपके प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल पर एसीसी की क्या प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में हमने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान में चार मैच हों। हालांकि अन्य मैच किसी अन्य तटस्थ स्थान पर खेले जा सकते है। इस मामले पर अब फैसला एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा लिया जा सकता है, जिसके मुताबिक या तो वह राजी हो और नजम सेठी के इस प्रस्ताव के अनुसार शेड्यूल बनाये या कह दे कि सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेले जाएंगे। पहला विकल्प लेने पर सब कुछ सुलझ जाएगा। नजम सेठी ने सीधे तौर पर कहा है कि अगर दूसरा विकल्प चुनने पर हम एशिया कप नहीं खेलेंगे। हम जय शाह और दूसरों के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। पीसीबी अध्यक्ष ये पूछा गया कि एशिया कप नहीं खेलने पर क्या पाकिस्तान का एसीसी में बने रहने का कोई मतलब है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस बारे में एसीसी को सोचना है। एसीसी का अगला अध्यक्ष पीसीबी से होगा। अब हमारी बारी है। हम एसीसी में बने रहना चाहते हैं या यूं कहें कि पाकिस्तान के बिना एसीसी हो ही नहीं सकती। एसीसी को सबसे ज्यादा राजस्व भारत और पाकिस्तान से ही मिलता है। पाकिस्तान अगर एशिया कप में नहीं खेलता है तो प्रसारक स्टार नेटवर्क को दिक्कत हो सकती है।

## ग्रांट ब्रैडबर्न पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**लाहौर ( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड



(पीसीबी) ने शनिवार को ग्रांट ब्रैडबर्न को दो साल के लिए राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की पुष्टि की। बोर्ड ने इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू पुटिक को दो साल के लिए पुरुष टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। 'स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग' कोच ड्रिकस साइमन और 'फिजियोथेरेपिस्ट' क्लिफ डीकॉन अपनी भूमिकाओं में बने रहेंगे। ब्रैडबर्न ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई घरेलू श्रृंखला के दौरान टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया। न्यूजीलैंड का यह पूर्व खिलाड़ी पाकिस्तान की टीम की मजबूती और चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने इससे पहले 2018 से 2020 तक क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में काम किया था। पाकिस्तान में अपनी भूमिकाओं से पहले ब्रैडबर्न ने स्कॉटलैंड की पुरुष टीम के मुख्य कोच रह चुके है। पीसीबी से जारी बयान में ब्रैडबर्न ने कहा, मुख्य कोच के रूप में पाकिस्तान जैसी बेहद प्रतिभाशाली और कुशल टीम के साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। हम अपने खेल को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपने बढ़ते कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

# टी-20 में सूर्या की सफलता का राज उनका आत्मविश्वास :रोहित

**मुंबई ( एजेंसी )।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियन्स की टीम आईपीएल में धीमी शुरुआत के बाद अब अपनी लय हासिल कर शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ मुंबई की टीम बड़े अंतर से भले ही जीत दर्ज करने में नाकाम रही लेकिन इस मैच में मिले दो अंकों की बदौलत मुंबई की टीम अंक तालिका में 12 मैच में 7 जीत और 5 हार के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। मुंबई से ऊपर प्वाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमें हैं। ऐसे में गुजरात के खिलाफ



जीत के बाद मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा खुश नजर आए और उन्होंने शानदार मैच जिताऊ शतकीय पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ की। रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए उनकी सफलता की वजह बताते हुए कहा, टी20 में सूर्या की सफलता का राज उनका आत्मविश्वास है। टूर्नामेंट की शुरुआत में हम इस बारे में चर्चा कर रहे थे कि क्या हमें लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बल्लेबाजी के दौरान रखना है या नहीं। तो सूर्या ने इस पर साफ तौर पर ना कहा। उन्होंने कहा मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में जाना चाहता हूं। रोहित ने आगे कहा किउनके अंदर ऐसा आत्मविश्वास है कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता है कि लेग स्पिनर बॉलिंग कर रहा है या ऑफ स्पिनर या बांए हाथ का स्पिनर। वो सिर्फ मैदान में बैटिंग के लिए जाना चाहता है।

## रिदम ने निशानेबाजी विश्वकप में तोड़ा सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड



**बाकू ( एजेंसी )।** भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने शनिवार को यहां निशानेबाज़ी विश्व कप में क्वालिफिकेशन राउंड में 595 अंक का स्कोर बनाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ स्कोर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। सांगवान ने 1994 में बुल्गारिया की डायना इगोरोवा द्वारा बनाये गये 594 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़कर यह रिकॉर्ड बनाया। चीन की लूना ताओ ने 2002 में और जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने 2023 में इस स्कोर की बराबरी की थी।


**संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश**
**'विजयाराजे वात्सल्य भवन' 28 ए अरेरा हिल्स, भोपाल**
क्रमांक/मबावि/भंडार/2023-24/45 भोपाल, दिनांक 11/05/2023

**शुद्धिपत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक G12228/23 दिनांक 30.04.2023 में मासिक दर, दैनिक दर एवं प्रतिमाह बिना पेट्रोल/डीजल तथा बिना वाहन चालक की दरों के लिये किराये के वाहन उपलब्ध कराने हेतु जारी ई-निविदा आमंत्रण सूचना पत्र क्रमांक/मबावि/भंडार/निविदा/2023-23/34 दिनांक 26.04.2023 में ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21.05.2023 के स्थान पर दिनांक 20.05.2023 सायं 06 :00 बजे तक पढ़ा जावे। शेष सभी नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

जी-12842/23 **अपर संचालक महिला एवं बाल विकास**


## जोकोविच की इटालियन ओपन में टॉमस पर संघर्षपूर्ण जीत

**रोम ( एजेंसी )।** फ्रेंच ओपन की तैयारियों में जुटे नोवाक जोकोविच ने विश्व में 61वीं रैंकिंग के टॉमस मार्टिन एच्चेवेरी के खिलाफ संघर्ष पूर्ण जीत दर्ज करके इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में सातवां खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने एच्चेवेरी 7-6 , 6-2 से हराया। जोकोविच दाहिनी कोहनी में चोट के कारण तीन सप्ताह बाद कोर्ट पर वापसी कर रहे हैं। जोकोविच का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने स्टेन वावरिंका को 6-4, 7-6 से हराया। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस को 6-1, 6-4 से, ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर अलेक्सी पोपिरिन ने फेलिक्स ऑगर अलियासिम को 6-4, 4-6, 7-5 से, इटली के फैबियो फोगनिनी ने मिओमिर केकमानोविकच को 6-3, 7-6 से हराया।

## फोटो और आवाज के इस्तेमाल से हैं नाराज सचिन ने दर्ज करवाई एफआईआर

**मुंबई ( एजेंसी )।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर आमतौर पर किसी



के खिलाफ गुस्सा जाहिर नहीं करते है। वो काफी शांत स्वभाव के हैं और हमेशा मुस्कुराते हुए ही नजर आते है। मगर इस बार उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की है। यहां तक उन्होंने एफआईआर भी दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक सचिन तेंदुलकर नकली विज्ञापनों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है, जिसमें उन्होंने अपने नाम, आवाज और तस्वीरों के अवैध उपयोग को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। इस एफआईआर में सचिन ने कहा कि अज्ञात लोगों द्वारा नाम, फोटो आदि का उपयोग किया जाना सही नहीं है। कई लोग इसका दुरुपयोग कर ठगी के लिए उपयोग करते है। मुंबई की साइबर सेल में उन्होंने इस मामले पर एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक अज्ञात लोगों ने औषधीय उत्पादों के प्रचार के लिए इनका उपयोग किया था जिसके बाद अब अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी। इस अधिकारी ने बताया कि तेंदुलकर के एक सहयोगी ने इस संबंध में गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे एक दवा कंपनी का ऑनलाइन विज्ञापन देखा, जिसमें दावा किया गया था कि तेंदुलकर उसकी उत्पाद का समर्थन करते है। उन्हें एक वेबसाइट 'सचिनहेल्थ डॉट इन' की भी जानकारी दी जो तेंदुलकर की तस्वीर का गलत उपयोग करके इन उत्पादों का प्रचार कर रहा था। शिकायत में कहा गया है कि चूंकि तेंदुलकर ने कभी कंपनी को उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी और इससे उनकी छवि खराब हो रही थी, इसलिए उन्होंने अपने सहयोगी को कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार जिला भोपाल**
**सूचना पत्र (वास्ते सीमांकन)**
क्रमांक क्यू. भोपाल, दिनांक

**प्रति,** 1. दीया चड्ढा श्री चरनजीत सिंह रणजीत सिंह भोपाल, 2. श्रीमती बिन्दु चौधरी पत्नि धनराज चौधरी भोपाल, 3. कीर्ति कटोच पत्नि राजन कटोच दिल्ली, 4. श्रीमती उमा काबरा पत्नि ओमप्रकाश काबरा भोपाल कोहेफिजा, 5. विजय किशोर सुन्दर रे आ. रघुनाथ सुन्दर रे. भुवनेश्वर उड़ीसा, 6. धर्मेद सिंह आ. एस.पी. सिंह अरेरा, भोपाल। **विषय**-सीमांकन किये जाने बावत् सूचना पत्र। **संदर्भ**-न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार, जिला भोपाल के रा.प्र.क्र. 0228RD07-APP-16877682 दिनांक 11.04.2023 के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम लाहरपुर प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. मिसरोद तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक-114/1/11 रकबा 0.113हे. कुल रकबा..हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका निखिल किरार पुत्र श्री नवल किरार राहुल जोगी पिता रमेश जोगी निवासी भोपाल के नाम से है का सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल द्वारा 15.05.23 को समय 10 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आप लोग मौके पर सीमांकन के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

1421 सील **राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार, जिला भोपाल**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रीता ढाली पत्नी श्री गोपाल, निवासी मकान नं.12, सक्का मॉल, डिंडोरी मध्यप्रदेश सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि पहले मेरे पुत्र का नाम SOYAN DHALI था। जो कि उसके पासपोर्ट मे दर्ज है। किंतु अब मेरे पुत्र का नाम परिवर्तित होकर SHAYAN DHALI हो गया है। अतः भविष्य में अब मेरे पुत्र को उसके नए नाम SHAYAN DHALI से ही जाना व पहचाना जाए। 1420

**नाम संशोधन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आशीष जैन पिता श्री राकेश जैन पता बी20/एफ-02 वैशाली हिल्स व्यू अपार्टमेंट टा.टा. शोरूम के पीछे विजयनगर लालघाटी, भोपाल। मेरे पास पोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस व कक्षा-10वी की अंक सूची में मेरा नाम अशीष कुमार जैन दर्ज है जबकि मेरा आधार कार्ड नंबर 748421136902 में मेरा नाम अशीष जैन दर्ज है। इस प्रकार से अशीष कुमार जैन एवं आशीष जैन दोनों ही नाम मेरे स्वयं के ही है। अब मुझे आशीष जैन के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

1419 **अशीष जैन**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**
क्रमांक 002/अ-3/2022-23

**इश्तहार**

प्रकरण में आवेदक साबरी बेगम निवासी-भोपाल के द्वारा ग्राम-गेहूखेड़ा जिसका खसरा क्रमांक 367/7 रकबा 0.0900 हे. वर्गमीटर भूमि क्रमशः का भूमि का बटान किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी दिनांक 22/05/2023 को इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 8/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

1416 सील **तहसीलदार तहसील कोलार, जिला भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**
क्रमांक 007/अ-3/2022-23

**इश्तहार**

प्रकरण में आवेदक देवेन्द्र सिंह खालसा निवासी-भोपाल के द्वारा ग्राम- गेहूखेड़ा जिसका खसरा क्रमांक 216/1 रकबा 0.0600 हे. वर्गमीटर भूमि क्रमशः का भूमि का बटान किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी दिनांक 22/05/2023 को इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 8/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

1417 सील **तहसीलदार तहसील कोलार, जिला भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

इंद्रा कॉम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड कालोनी विदिशा में भवन क्रमांक एम.आई.जी. सी / 107-ए मण्डल द्वारा श्री विनोद अरोरा आत्मज स्व. श्री के.एल. अरोरा के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 5804 दिनांक 29/11/1988 को आवंटित किया गया है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/08/2002 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री मनीष कुमार आत्मज श्री राजकुमार माटा एवं श्री राजकुमार माटा आत्मज स्व. श्री विश्नलाल माटा के संयुक्त नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 16/10/2006 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्री मनीष कुमार आत्मज श्री राजकुमार माटा एवं श्री राजकुमार माटा आत्मज स्व. श्री विश्नलाल माटा के संयुक्त नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

1418 **सम्पदा अधिकारी म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**